# योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं - मंत्री सम्पतिया उईके




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः इंडोर स्टेडियम में हुआ जिला स्तरीय आयोजन

**मण्डला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय वृहद योग शिविर इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस शिविर में मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रोहित बड़कुल, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एपीसी मुकेश पांडे सहित सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे। शिविर के दौरान विशाखापट्टनम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। शिविर में उपस्थितजनों को प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी होती है, हम सब योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की यह ग्यारहवीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसे वैश्विक पटल पर पहुंचाया है। आज हमारे भारत के साथ-साथ संपूर्ण विश्व में योग के महत्व को लोग समझ रहे हैं। योग, सूर्य नमस्कार आदि क्रियाएँ हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। मेरी आप सभी से अपील है कि योग को केवल आज के लिए नहीं वरन् इसे अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करें।

# बेकार साबित हो रही सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है सरकारी अस्पताल अनुपयोगी होते जा रहे हैं सरकारी अस्पतालों में उपचार के नाम पर सिर्फऔपचारिकता पूरी की जा रही है सरकारी अस्पताल के डॉक्टर निजी डिस्पेंसरी में ज्यादा समय दे रहे हैं सही तरीके से सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं हो रहा है

खासकर ग्रामीण क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य केंद्र हमेशा बंद पड़े रहते हैं सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केदो के रंग रोगन व मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है एएनएम महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता हमेशा मुख्यालय से गायब रहती हैं उनकी अनुपस्थिति की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है इनके पास आने वाली दवाइयां कहां गायब हो रही है यह जांच का विषय हो गया है।

# केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया सामूहिक योग



**मण्डला, देशबन्धु।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की क्षेत्रीय- कार्यालय मंडला के द्वारा एवं सरदार पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नर्सिंग कॉलेज मंडला, (माय भारत) मेरा युवा भारत मंडला, पतंजलि योगपीठ समिति मण्डला के सहयोग से सरदार पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नर्सिंग कॉलेज मंडला में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीयजनों के बीच 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योगाभ्यास, गीत संगीत, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के तौर पर आशीष ज्योतिषी प्राचार्य, सरदार पटेल कॉलेज मंडला, योग गुरु राम गोपाल यादव, विनोद कुमार पटेल योग गुरु, रघुनंदन झरिया लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी, मेरा युवा भारत, रविशंकर सोनी सहित अन्य योग प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष ज्योतिषी प्राचार्य ने जानकारी देते हुए कहा कि 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि एक जीवन शैली है यह हमें स्वस्थ शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। रोज योग करने से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और शरीर मजबूत बनता है आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए हम सभी संकल्प लें योग को अपने दिनचर्या में अपना कर खुद और देश को स्वस्थ बनाएं।

कार्यक्रम के आयोजक एस.के. साहू प्रचार अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के थीम 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिये योग' भारत की प्राचीन परंपरा का योग एक अभिन्न अंग है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। यह केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने का एक तरीका है। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को विभाग की तरफसे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## सार-समाचार

### जिला भाजपा कार्यालय मंडला में सामूहिक योग कार्यक्रम

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती के तेल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित से किया गया। साथ ही बैशाखू नंदा ने भारत माता को समर्पित हे जन्म भूमि, हे कर्मभूमि भारत संगीत से कार्यक्रम की शुरुआत की । जिसके पश्चात योग शिक्षक प्रमोद दुबे, डॉ. सीमा भवेदी, डॉ. प्रियंका धुर्वे, रुबीना सिंग ने योग से होने वाले लाभ बतलाते हुए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को योग व प्रणायाम कराया। इस अवसर मंडला विधायक एवं मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है। वही भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि यह हमारे गौरव का विषय है, मां भारती के आचार्यों व ऋषियों ने योग के इस विधा को कायम रखा है जो आज पूरा विश्व उसे स्वीकार कर रहा है। योग आज के समय में शरीर को स्वस्थ रखने और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे केवल योग दिवस पर ही नहीं, बल्कि प्रतिदिन अपने अमूल्य समय में से कुछ समय निकालकर योग करें। उन्होंने कहा कि जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। नियमित रूप से योग करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। वही योग दिवस प्रभारी जिला संयोजक अखिल सिहारे ने कार्यक्रम के संबंध में बताया कि प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले के प्रत्येक मंडल में योग दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह से योग किया एवं सदैव योग करने का प्राण भी लिया गया। योग दिवस के अवसर पर श्रीमति कैबिनेट श्रीमती मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, डॉ संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा, नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, जिला उपाध्यक्ष पारस असरानी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जयदत्त झा, शैलेश मिश्रा, प्रवीर तिवारी, मयंक विश्वकर्मा, इशांक साहू, नरेश कछवाहा, चंद्र शेखर निखारे, अंकित चौरसिया, रवि सोनवानी, नरेश सिंधिया, सुधीर मिश्रा, बसंत चौधरी सहित महिला मोर्चा से मंजू कछवाहा, शशि पटेल, शिखा श्रीवास्तव, अनीता तिवारी, उमा यादव के साथ भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हकीकत के धरातल में कब क्रियान्वित होगी योजनाएं

**मंडला, देशबन्धु।** कृषि विभाग की तरह उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां भी मध्य प्रदेश के मंडला जिले में हकीकत के धरातल में ज्यादा दिखाई नहीं देती है जबकि इस जिले को उद्यानकी की विभाग की गतिविधियों की आवश्यकता है लोगों का मानना है कि ज्यादा से ज्यादा इस जिले में उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां संचालित की जाए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है संपूर्ण मंडला जिले में प्रत्येक ग्राम व नगर में उद्यान विभाग क्या काम कर रहा है यह जांच का विषय हो गया है लोग चाह रहे हैं कि ऐसा किया जाना चाहिए प्रत्येक ग्राम व नगर अनुसार प्रत्येक किसान अनुसार ज्यादा से ज्यादा उद्यानिकी की गतिविधियां संचालित की जाए ताकि इस जिले में उद्यानिकी को बढ़ावा मिल सके और लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके लेकिन ऐसा करने में शासन प्रशासन द्वारा उद्यानिकी विभाग को सक्रिय नहीं किया जा रहा है लोगों का आरोप है की उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां कागज में ज्यादा क्रियान्वित हो रही है और हकीकत के धरातल में उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां कम की क्रियान्वित हो रही है जिसकी वजह से उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ मंडला जिले के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है जन अपेक्षा है शासन प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश के मंडला जिले में ज्यादा से ज्यादा उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां संचालित कराई जाए।

# मुख्यमंत्री ने गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल का किया सम्मान

**मण्डला, देशबन्धु।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास प्रांगण भोपाल में राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें पूरे मध्य प्रदेश में तीन गौशाला एवं तीन व्यक्तिगत व्यक्तियों को सम्मानित करने का था जिसमें आचार श्री विद्यासागर जीव दया (गौ सेवा) सम्मान के रूप में गौ पुत्र दिलीप चंद्रौल मंडला मध्य प्रदेश को पूरे मध्य प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया गौ सेवा एवं जीव दया के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा गौ पुत्र दिलीप चंद्रौल को व्यक्तिगत पुरुस्कार के रूप में तृतीय पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं 20,000 रूपए के चेक देकर सम्मानित किया गया एवं वहीं पर मंडला जिले के सभी गौ सेवको ने पंकज मलिक, राहुल जैन, विवेक परिहार, हरिशंकर नामदेव, अखिलेश पटेल, विरेन्द्र चोरसिया, डॉ दिलीप चन्द्रौल,विवेक पटेल, मनहरण पटेल, जानू खरे, योगेश झरिया कोमल झरिया, धनेश्वर झरिया, मयंक अग्रवाल, ऋषिकेश नामदेव, श्रीमती संजूलता सिंगौर, श्रीमती सरस्वती सिंगोर एवं संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल को बधाई दी एवं सभी गौ सेवको में खुशी का माहौल बना हुआ है और सभी लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है कि जमीनी स्तर पर सेवा करने वाले गौ सेवको का आपने सम्मान बढ़ाया है। गौ सेवा आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया सेवा सम्मान सम्मेलन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सभी मध्य प्रदेश के हर एक जिले से लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा अपने उद्बोधन में गौ माता का महत्व बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाएं लागू की एवं गौ माता के संरक्षण एवं सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के द्वारा तरह-तरह की योजना लाने की बात कही गई वहीं पर हर गौशाला को एक क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री के द्वारा अनूदान राशि 20 'रूपए की जगह बढ़ाकर डबल कर दिया गया तुरंत 40 रुपए के दर से गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल ने मुख्यमंत्री एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग का आभार जताया है। आज के राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में मंडला जिले से पशुपालन डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ यू एस तिवारी, डा राजीव भुरमुदे चाबी गौ शाला से विक्की यादव, दीपक यादव, घुटास गौशाला से रोहित उरवेती,बुध सिंह तेकाम, फूलसागर गौशाला से कृष्ण कुमार चोकसे, नैनपुर गौशाला से एवं मंडला से विजय सारवे ,भोपाल के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# 21 जून को जिले में 12 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**मण्डला, देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जून 2025 के दौरान 87.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 48.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 39.3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून 2025 को मंडला में 14.8 मि.मी., नैनपुर में 24.8, बिछिया में 11.8, निवास में 6.8, घुघरी में 3.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में 10.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 21 जून 2025 को 12 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# 148 वीं वाहिनी के .रि.पु.बल के द्वारा योग दिवस मनाया गया



**मण्डला, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की भाँति 21 जून 2025 को 148 बटालियन केरिपुबल, मण्डला द्वारा अमित मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी-148 बटालियन के मार्गदर्शन में 148 बटालियन के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर बटालियन मुख्यालय प्रांगण में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। अमित मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी ने जवानों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व की जानकारी दी तथा जवानों को योगा का महत्व और उसकी विधि भी बताई। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योगा कर व्यक्ति न सिर्फ स्वस्थ और निरोग रहता है बल्कि कई बीमारियों पर विजय भी प्राप्त कर लेता है और जवानों को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में मनोरंजन कुमार, उप कमाण्डेंट, डी.एन.पटेल (सूबेदार मेजर) के साथ वाहिनी मुख्यालय के सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# अंजनिया कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का योगाभ्यास



**मण्डला, देशबन्धु।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास कार्यक्रम अंजनिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विशाखापट्टनम में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के स्टॉफ द्वारा योग अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत यादव ने किया।

# मंत्री उईके ने डुंगरिया में किया बीजांकुर अभियान का शुभारंभ

**मण्डला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने जनपद नैनपुर के ग्राम डुंगरिया-परसवाड़ा में आयोजित बीजांकुर अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गोल पहाड़ी में पौधा रोपकर कार्यक्रम की शुरुआत की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।



मंत्री श्रीमती उईके ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए। जिले में बनाए गए सीडबॉल के माध्यम से बीजांकुर अभियान के तहत ढाई लाख से अधिक पौधों का रोपण हो रहा है यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अच्छी पहल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश की सरकार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं। हम सभी को शासन के इस प्रयास में सहभागी बनते हुए पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान देना होगा, जिससे हमारे आसपास के मैदान और पहाड़ियाँ फिर से पहले की तरह हरी-भरी हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे प्रमुख अवसरों पर एक पौधा अवश्य रोपित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, प्रत्येक निवासी को इस पावन यज्ञ में स्वयं पौधारोपण कर आहूति देनी होगी।

# मंडला पुलिस द्वारा पुलिस लाइन सहित सभी थाना-चौकियों में योग अभ्यास



**मण्डला, देशबन्धु।** 21 जून 2025 को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडला पुलिस द्वारा पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन सहित जिले के सभी थानों एवं चौकियों में सामूहिक योग सत्रों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए।

इस वर्ष की थीम रही, जो यह दर्शाती है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और वैश्विक पर्यावरण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। मंडला पुलिस ने इस संदेश को आत्मसात करते हुए योग को न केवल व्यक्तिगत कल्याण, बल्कि सामाजिक और पारिस्थितिक संतुलन का माध्यम माना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नरेंद्र मोदी द्वारा विशाखापट्टनम से प्रसारित लाइव योग सत्र को देखा और उनके विचारों को सुना। यह सिर्फ योग की यात्रा नहीं, बल्कि विश्व के साथ भारत के सांस्कृतिक जुड़ाव की कहानी है। योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं और स्वयं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

# प्रचार रथ के माध्यम से शुद्ध पेयजल के उपयोग एवं क्लोरिनेशन की दी जानकारी

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मंडला के कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण इलाकों में जागरुकता पहुंचाने हेतु प्रचार रथ गांव-गांव में जा रहा है। रथ द्वारा वर्षा काल में पानी को साफ करने के तरीके, पानी जांच प्रक्रिया से समुदाय को जागरूक करने के साथ साथ पीएचई विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में समुदाय को जानकारी प्रदान की जा रही हैं। शनिवार को प्रचार रथ के माध्यम से विकासखण्ड निवास, मंडला, मोहगांव, नारायणगंज, बीजाडांडी, नैनपुर, बिछिया, मवई, घुघरी में ग्रामों में समुदाय को जागरूक किया गया।

## ग्रामों में किया गया पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन

विकासखंड मोहगांव के ग्राम बड़झर, उमरडीह, झुरगी पोड़ी, गिठार, मालपहरी, मुंगवानी, पंछी पानी, भानपुर, अमझर में एवं विकासखंड नैनपुर के ग्राम सिंगारपुर, सर्री, कजरवाड़ा, विकासखंड नारायणगंज के मानेगांव, जुझारी, सिवनी माल, देवडोंगरी, फड़की माल, बीजेगांव में, विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम उदयपुर, बकाई, बेरपानी, समनापुर, ओरिया, मझगांव में, विकासखंड बिछिया के ग्राम बिशनपुरा, गोपांगी, रामनगर, खिरहनी, मोहगांव, खर्राझर, लुटिया में क्लोरिनेशन का कार्य किया गया।

